तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 28 मई 2025

लिकेश का आईआईएम अहमदाबाद में चयन 12

महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए बरगद वृक्ष की पूजा की 13




**खबर संक्षेप**



### कैमरे में कैद हुआ दुर्लभ पेंगोलिन

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड अन्तर्गत दुरस्त वनाचंल में बसे धोबनडीह गौरगांव क्षेत्र से वन्य जीव पेंगोलियन की एक दुलर्भ तस्वीर निकलकर सामने आई है। जहां पेंगोलियन पेड़ के कोमल तना में चढ़कर अपना आहर तलाश करते दिखाई दे रहा है। ज्ञात हो कि गरियाबंद जिले में बड़ी संख्या में पेंगोलियन वन्य प्राणी जंगल में पाया जाता है यह काफी दुलर्भ प्रजाति के वन्य प्राणी बताया जाता है।

### टमाटर लेकर जा रही पिकअप पलटी, चालक को आई चोट



**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग मार्ग में मंगलवार सुबह इंदागांव के आसपास टमाटर से भरा पिकप पलट गई जिससे वाहन चालक को चोट आई है और पूरा टमाटर बिखर गया।

### मैनपुर में समाधान शिविर आज

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में 28 मई को प्रदेश सरकार के सुशासन तिहार जिला स्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन वन विभाग मैदान में किया गया है जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी किया जा रहा है। इस समस्या समाधान शिविर में जिले के कलेक्टर बी एस उईके सहित जिले के अफसर उपस्थित रहेगें। जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा ने बताया की इस समस्या समाधान शिविर में भाठीगढ़, हरदीभाठा, गोपालपुर, देहारगुड़ा, मैनपुरखुर्द, जाड़ापदर, जिड़ार, कुल्हाड़ीघाट, तुहामेटा, मैनपुरकला, बोईरगांव, छोटेगोबरा एवं दबनई ग्राम पंचायत सहित क्षेत्र के लोग शामिल होंगे।

### समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण आज

**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन दो चरणों में किया गया था जिसमें प्राप्त आवेदन को लेकर 28 मई को समाधान शिविर का आयोजन वार्ड 13 में स्थित शासकीय ठाकुर दलगंजन उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। इस शिविर में संबधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर समाधान करेंगे। शिविर को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन मानकर के द्वारा नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

### विवाद करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम नरसैयापल्लम के एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अरतराम भोई ने बताया कि 25 मई की रात करीब 8 बजे उसके घर के सामने महिलाएं वाद विवाद कर रहीं थी। जिन्हें उसने झगड़ा करने से मना किया।

**मौसम :** किसानों की उम्मीदों पर फिरा पानी, बड़े नुकसान की आशंका

# आंधी-बारिश से मक्का व धान की फसलें हुई धराशायी, जंगली जानवरों से बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इस वर्ष भीषण गर्मी के दौरान मैनपुर क्षेत्र में बेमौसम बारिश, आंधी और तूफान ने किसानों की कमर तोड़ दी है। पिछले एक पखवाड़े से लगातार खराब हो रहे मौसम के कारण मक्का और ग्रीष्मकालीन धान की फसलें खेतों में गिर चुकी हैं। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल गांवों जैसे शोभा, गोना, अड़गड़ी, भूतबेड़ा, कोकड़ी, गौरगांव, नकबेल और साहेबिनकछार के खेतों में मक्के की खड़ी फसल तेज आंधी और तूफान से पूरी तरह से धराशायी हो गई है। किसानों ने बताया कि इस समय मक्का फलने की स्थिति में था, लेकिन फसल के गिरने और उसमें पानी भर जाने से उत्पादन पर गहरा असर पड़ेगा।

किसान मनोज कुमार नेताम, जीवन और जगमोहन ठाकुर ने बताया कि आंधी-तूफान के अलावा वन्यप्राणी भी मक्का की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शाम होते ही भालुओं, जंगली सुअरों और बंदरों का झुंड खेतों में घुसकर मक्के के फलों को तोड़कर बर्बाद कर देता है।

किसानों ने फसल की रक्षा के लिए खेतों में मचान बनाकर रात-रात जागकर पहरा देना शुरू कर दिया है। मशालें जलाकर, पटाखे फोड़कर और डंडों से शोर मचाकर जानवरों को भगाने की कोशिश की जाती है, लेकिन स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है।





## गरज-चमक के साथ जोरदार मूसलाधार बारिश

राजिम। मंगलवार को सावन-भादो की तरह गरज-चमक के साथ जोरदार मूसलाधार बारिश हुई। इस बारिश को प्री मानसून की बारिश नही कह सकते क्योंकि अभी ग्रीष्मकाल का नौतपा चल रहा है। नौतपा का तीसरा दिन था। तीनो दिन बारिश हुई और अभी भी बारिश होने के पूरे आसार नजर आ रहे है। आसमान पर बादल छाए हुए है। ठंडी हवाएं चल रही है। गर्मी का यह मौसम सुहाना हो गया है। जिस तरह से झमाझम बारिश हुई ठीक उसी तरह से सड़कों पर पानी की धार चलने लगी। कहीं-कहीं पानी का जमाव भी हो गया। एक तरह से मई का यह महिना बरसात के महिने के समान



नजर आने लगा। बारिश के बाद बाजार की रौनक खतम हो गई। सड़कें सूनी हो गई और यात्री गाड़ियां भी खाली नजर आने लगी। गर्मी में हो रही बारिश के चलते लोगो के स्वास्थ्य के ऊपर बहुत बुरा असर पड़ने लगा है। वहीं खेतो में रबी फसल धान को भी काफी नुकसान हो रहा है। रबी फसल बोने वाले किसान इस बार बुरी तरह से हलाकान हो गए है। खेतो में पानी भर गया है। यह बहुत ही आश्चर्यजनक रहा कि लगातार गरज-चमक के साथ घण्टों हुई बारिश के बावजूद मिनट भर के लिए भी लाईट बंद नहीं हुई। समाचार लिखे जाने तक हल्की बूंदा-बांदी बारिश अनवरत जारी है।

### वन विभाग नहीं दे रहा ध्यान

किसानों ने वन विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इससे किसानों में आक्रोश है और वे अपनी मेहनत की फसल को जानवरों से बचाने के लिए स्वयं मोर्चा संभाले हुए हैं।

### अन्य गांव भी प्रभावित

मैनपुर, हरदीभाठा, भाठीगढ़, गोपालपुर, छुईया, गौरघाट, रामपारा, करलाझर, फूलझर, झोलाराव, रक्सापथरा, मोंगराडीह और गाजीमुड़ा जैसे गांवों में भी मक्का और धान की फसलें प्रभावित हुई हैं। यहां भी जंगली सुअरों द्वारा रात में खेतों में घुसकर फसलें रौंदी जा रही हैं।

### नौतपा में तीसरे दिन भी झमाझम बारिश

ज्ञात हो कि नौतपा के दौरान लगातार तीसरे दिन क्षेत्र में भारी बारिश हुई है। तेज धूप और उमस से आमजन का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है।

## बोलेरो की जोरदार टक्कर से पेट्रोल पंप क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के देवभोग पेट्रोल पम्प में एक बड़ा हादसा टला जब बोलेरो वाहन ने पेट्रोल पंप को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे पेट्रोल पंप की मशीन ही उखड़कर फेका गया। हालाकि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और बड़ी दुर्घटना होते होते टली। देवभोग के झाराबहाल के उन्नति पेट्रोल पंप में बड़ा हादसा होते-होते बच गया पेट्रोल पंप पर युवकों ने बोलेरो चढ़ा दी इसके चलते एक तरफ का डिस्पेंसर उखड़कर जमीन पर जा गिरा।






हादसा होते देख कर्मचारियों ने पंप की सप्लाई बंद कर दी। लोगों ने बोलेरो सवार युवकों को पकड़ लिया। मिली ▶▶|शेष पेज 12 पर

## पिता ने दी समझाइश तो बेटे ने टंगिया से सिर और पीठ पर किया वार, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर

फिगेंश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम बिजली में घरेलू जमीन बंटवारे को लेकर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पुत्र ने अपने पिता पर टंगिया से जानलेवा हमला कर दिया। घटना मंगलवार सुबह 6 बजे की है।

ग्राम बिजली निवासी दयाराम साहू (65) खेती किसानी के साथ कपड़ा व्यवसाय भी करते हैं। उनके दो पुत्र हैं। छोटा बेटा पोखराज साहू (35) निजी जमीन बंटवारे से असंतुष्ट था और इसी बात को लेकर कई बार विवाद होते रहे थे। घटना वाले दिन



पोखराज अपने पुराने घर बस्तीपारा से आकर मुख्य सड़क किनारे स्थित पिता के घर पहुंचा और गाली-गलौज शुरू कर दी।

पिता दयाराम ने उसे समझाने की कोशिश करते हुए कहा कि यदि कोई आपत्ति है तो ग्राम समिति और पंच की सलाह से समाधान निकाला जाएगा। लेकिन यह बात पोखराज को नागवार गुजरी और उसने घर में रखे टंगिया से पहले पिता की पीठ पर उसके पिछले हिस्से से वार किया, फिर धारदार हिस्से से सिर पर गंभीर प्रहार कर दिया।

हमले के बाद घायल दयाराम को उनकी पत्नी और बड़े बेटे की मदद से फिंगेश्वर के शासकीय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें शाह नर्सिंग होम रेफर कर दिया गया। उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

### मामले की जांच जारी

फिंगेश्वर थाना को अस्पताल प्रबंधन ने सूचना दी। विवेचक एसआई धनुष यादव मामले की जांच कर रहे हैं। अभी डॉक्टर की रिपोर्ट का इंतजार है। थाना प्रभारी गौतम धोवड़े ने बताया कि वे किसी अन्य मामले में व्यस्त हैं, जांच एसआई धनुष यादव कर रहे हैं।

### आरोपी फरार मौके से

फिलहाल आरोपी पोखराज साहू फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। वहीं इस हिंसक पारिवारिक विवाद से शांत ग्राम बिजली में दहशत का माहौल है।

## कौन्दकेरा की शासकीय भूमि पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

विकासखंड के के ग्राम पंचायत कौन्दकेरा में अतिक्रमण को लेकर राजस्व अमला ने बड़ी कार्रवाई की है जिसमें ग्राम पंचायत अंतर्गत ढाई एकड़ शासकीय भूमि से कब्जा हटाया गया है। वहीं पर कब्जा हटाकर शासकीय भूमि को ग्राम पंचायत के सुपुर्द किया गया है।

बता दें कि राजिम तहसीलदार अजय कुमार चंद्रवंशी के नेतृत्व में



कार्रवाई की गई। टीम में हल्का राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार और पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी से अतिक्रमण हटाकर भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया है। वहीं ग्राम पंचायत कौन्दकेरा के महिला सरपंच राधिका यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत अंतर्गत



आश्रित गांव कोलिहाटाढ़ में लंबे समय से गांव से बाहर निवास करने वाली महिला पेमिन बाई गोड़ के द्वारा शासकीय भूमि खसरा नंबर 3217 एवं 3237 जो लगभग ढाई एकड़ जमीन ▶▶|शेष पेज 12 पर

## कलेक्टर ने जनसेवाओं को समय-सीमा में हितग्राहियों तक पहुंचाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ समय-सीमा में उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय, उच्च कार्यालयों और सुशासन तिहार सहित अन्य ▶▶|शेष पेज 12 पर




**सरकारी अस्पताल में छत्तीसगढ़ी धुनों से इलाज का नया अंदाज**

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा में ऑडियो थेरेपी की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए अब इलाज सिर्फ दवाओं से नहीं, बल्कि संगीत के माध्यम से भी हो रहा है। ओपीडी समय सुबह 9 बजे से ही अस्पताल परिसर में धीमी गति से छत्तीसगढ़ी वाद्य यंत्रों की मधुर धुन सुनाई देती है, जिससे मरीजों को मानसिक शांति और तनाव से राहत मिलती है।

- **ओपीडी समय में छत्तीसगढ़ी वाद्ययंत्रों की मधुर धुन, तनाव में राहत**

यह प्रयोग शासकीय अस्पतालों में अपने आप में अनूठा और पहला है। आमतौर पर ऑडियो थेरेपी का उपयोग निजी अस्पतालों में होता है, लेकिन छुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉ. राहुल नेताम की विशेष पहल से इसे शुरू किया गया है। यह संगीत नीचे के कॉरिडोर से लेकर ऊपर के एक-दो कमरों तक बजता रहता है, जिससे अस्पताल का वातावरण सौम्य और स्वागतपूर्ण बना रहता है।




### बीएमओ ने कहा- नवाचार का उद्देश्य

बीएमओ डॉ. राहुल नेताम ने बताया कि ऑडियो थेरेपी के जरिए मरीजों को अस्पताल में आने पर किसी भी प्रकार का मानसिक तनाव न हो, यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। जब मरीज दवाई या लैब के लिए प्रतीक्षा करते हैं, तब पारंपरिक धुन सुनने से उन्हें शांति और सकारात्मकता का अनुभव होता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनका कार्यालय भी अस्पताल परिसर में ही संचालित होता है ताकि मरीजों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके और अधिकारी-कर्मचारियों तथा मरीजों के बीच समन्वय बना रहे।

**कायाकल्प योजना के तहत नवाचार-** केंद्र सरकार द्वारा अस्पतालों के कायाकल्प के लिए शुरू की गई योजना के अंतर्गत इस प्रकार के नवाचार को काफी महत्व दिया गया है। अस्पतालों का मूल्यांकन कुल 6 बिंदुओं पर किया जा रहा है, जिसमें कर्मचारियों का व्यवहार, प्रसव कक्ष की स्वच्छता, अग्नि सुरक्षा, ओपीडी प्रबंधन आदि शामिल हैं। फिंगेश्वर और छुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को इस योजना में नामांकित किया गया है। मूल्यांकन टीम द्वारा अस्पताल की व्यवस्थाओं की सराहना की गई है और आने वाले एक महीने में पता चल जाएगा कि किस स्वास्थ्य केंद्र को 'कायाकल्प पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा।

## कुल्हाड़ीघाट सड़क निर्माण में लापरवाही, हुए बड़े-बड़े गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर कुल्हाड़ीघाट मार्ग में नया सड़क डामरीकरण किया गया था लेकिन इस सड़क में अभी से जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढे होने लगा है लेकिन इस ओर लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मैनपुर से कुल्हाड़ीघाट, राजाडेरा लगभग 28 किलो मीटर पक्की डामरीकरण सड़क का निर्माण किया गया है। लेकिन मैनपुर नगर में ही इस सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसमें आए दिनों लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं लेकिन सड़क के गड्ढे को पाटने वाला व मरम्मत करने वाला कोई दिखाई नहीं दे रहा है। गुणवत्तहीन सड़क निर्माण के कारण गड्ढे ▶▶|शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### छग झेरिया यादव समाज की आमसभा 29 जून को रायगढ़ में

**रायपुर।** सामाजिक भवन में सोमवार को छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 29 जून को छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का आमसभा रायगढ़ में होगी। साथ ही समाज के संगठन 5066 के समानांतर संगठन के साथ बैठक करने वाले सदस्य-पदाधिकारियों कर उनके विरुद्ध आमसभा में निंदा पारित किया जाने का निर्णय लिया गया है। समाज के निर्णय नहीं मानने वाली समिति का संबद्धता समाप्त की जाएगी। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के पंजीयन उपयोग करने वाले तहसील ब्लाक परिक्षेत्र समिति प्रतिवर्ष संबद्धता और 10% राशि प्रदेश समिति को संबद्धता शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। समाज की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने की। बैठक में जगतराम यादव, सुकालूराम यदु, आरडी यादव, भगत सिंह यादव, सुंदरलाल यादव, जीआर यादव, राजू यादव, रामलाल यादव, ठाकुरराम यादव, हेमकांत यादव, पंचराम यादव, रिखीराम यादव, त्रिभुवन यादव, पीतांबर यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री मोदी को पेंशनर्स की समस्याओं से अवगत कराएंगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन, पेंशनर्स फोरम की प्रांतीय बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अवगत कराने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी पेंशनर्स फोरम के प्रदेश संयोजक बीपी शर्मा ने बताया कि फोरम की बैठक राजपत्रित अधिकारी संघ कार्यालय, शंकर नगर में रखी गई। प्रदेश के विभिन्न पेंशनर संघ के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने विचार व्यक्त किए। **इन समस्याओं पर चर्चा :** महंगाई राहत धारा 49(6) के तहत मध्यप्रदेश से सहमति लेने की बाध्यता को समाप्त की जाए। महंगाई राहत के साथ एरियर्स भुगतान केंद्र सरकार के समान किया जाए। प्रदेश में लंबित पेंशन प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाए। साथ ही सेवानिवृत्ति तिथि पर समस्त स्वत्वों का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाए। पेंशनरों को उपचार के लिए कैशलेस सुविधा अनिवार्य रूप से प्रदान की जाए।

### बंगाली कालीबाड़ी समिति का समर कैम्प शुरू

**रायपुर।** कालीबाड़ी चौक, बंगाली कालीबाड़ी परिसर में समिति द्वारा समर कैम्प का आयोजन 26 मई से किया जा रहा है, जो एक माह तक चलेगा। इसका समय शाम 6 से 8 बजे तक रखा गया है।


# छत्तीसगढ़ी संस्कृति परंपरा से मंत्री पहूना का हुआ स्वागत, छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्वाद चखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

छत्तीसगढ़ की परंपराओं को जीवंत बनाए रखने की परिपाटी आज भी गाँवों में पूरी आस्था और उत्साह के साथ निभाई जा रही है। ग्राम बिजली में आयोजित सेक्टर स्तरीय समाधान शिविर के पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य के राजस्व एवं खेल युवा कल्याण मंत्री टंकाराम वर्मा, स्थानीय विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का पारंपरिक छत्तीसगढ़ी संस्कृति से भव्य स्वागत किया गया।

शिविर के समापन के बाद सरपंच पदमा मोती निषाद के निवास पर अतिथियों को आमंत्रित किया गया, जहाँ परिवारजनों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने परंपरागत रीति से लोटा जल, चावल पिसान से चौका, पिढ़ा आसन, आरती और टीका के माध्यम से 'पहूनाई' की। फूल-मालाओं और गुलदस्तों से स्वागत कर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की गरिमा को दर्शाया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता रामाधार साहू, जनपद सभापति नंदू यादव, उपसरपंच तोषण पटेल, गजेन्द्र निषाद, सरपंच प्रतिनिधि मोती निषाद सहित अनेक स्थानीय नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वागत के दौरान छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन जैसे फरा, चीला, ठेठरी, खुरमी, अरीसा आदि भी परोसे गए, जिन्हें अतिथियों ने बड़े चाव से चखा और सराहा।





कार्यक्रम के अंत में सभी प्रमुख अतिथियों को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। मंत्री व विधायक ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी स्वागत सत्कार के लिए पदमा निषाद, मोती निषाद और समस्त ग्रामीणों का आभार प्रकट किया।

यह आयोजन न केवल एक प्रशासनिक मुलाकात थी, बल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और आत्मीयता का सजीव प्रदर्शन भी था।

## 20वीं जेडयूआरसीसी की बैठक में सदस्यों ने नई ट्रेन सुविधा की उठाई मांग

# ट्रेनों को रद्द करने से सांसद नाराज, रींवा गोंडवाना एक्सप्रेस का विस्तार भी मांगा

**अमृत भारत स्टेशन योजना की धीमी रफ्तार पर भड़के सांसद**

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जोन मुख्यालय में सोमवार को 20वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक हुई। बैठक में दो सांसदों समेत कुल 19 सदस्य शामिल हुए। इसमें यात्रियों से जुड़े जनहित के मुद्दों और सुविधाओं में सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत में ही सांसदों ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे स्टेशनों के निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताई। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि स्टेशन पुनर्विकास कार्य बहुत धीमी रफ्तार से चल रहे हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए।

सांसद श्री बघेल ने ट्रेनों के बार-बार रद्द होने का मुद्दा भी उठाया और अधिकारियों से स्पष्ट जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि पटरियों के रखरखाव या अन्य कारणों से यदि ट्रेनें रद्द करनी हों तो इसकी जानकारी कम से कम 10 दिन पहले दी जानी चाहिए, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो। राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने भी इन बातों का समर्थन करते हुए यात्रियों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए समाधान की बात कही। बैठक में सदस्यों ने ट्रेनों के विस्तार, यात्री सुविधाओं में सुधार, स्टेशन विकास की गति बढ़ाने और सूचना तंत्र को दुरुस्त करने जैसे कई अहम सुझाव रखे।



### गोंडवाना को हरिद्वार तक चलाने का सुझाव

बैठक में सांसदों और समिति सदस्यों ने गोंडवाना एक्सप्रेस को हरिद्वार तक चलाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि रायपुर से सीधे हरिद्वार जाने कोई ट्रेन वर्तमान में नहीं है, जिससे यात्रियों को असुविधा होती है। इस मांग को देखते हुए गोंडवाना एक्सप्रेस को हरिद्वार तक बढ़ाया जाना जनहित में होगा। साथ ही रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग क्षेत्र में बड़ी संख्या में आंध्रप्रदेश से जुड़े लोग निवास करते हैं, जिन्हें सफर के लिए उपयुक्त ट्रेन सुविधा नहीं मिल रही है। ऐसे में आंध्रप्रदेश के लिए एक नई सीधी ट्रेन शुरू करने का सुझाव भी समिति में रखा गया।

### दुर्ग से रीवा एक्सप्रेस चलाने की मांग

बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस को दुर्ग व रायपुर से चलाने को लेकर सदस्यों ने मांग रखी। लंबे समय से इसी मांग की जा रही है। बैठक में मांग रखी गई कि रीवा जाने के लिए दुर्ग और रायपुर से कोई सीधी ट्रेन नहीं है। ऐसे में बिलासपुर तक आने वाली ट्रेन को रायपुर या फिर दुर्ग तक विस्तारित किया जाए। समिति के सदस्य दीपक शर्मा ने सुझाव दिया कि अगर ट्रेन का मेंटेनेंस रीवा में होता है तो समय बचेगा और परिचालन का विस्तार आसानी से हो सकेगा।

### सांसदों ने कहा- दौरे की सूचना नहीं दी जाती

बैठक में सांसदों ने रेलवे अधिकारियों पर यह कहते हुए नाराजगी जताई कि जब अधिकारी क्षेत्रीय स्टेशनों का निरीक्षण दौरा करते हैं तो इसकी सूचना जनप्रतिनिधियों को नहीं दी जाती। जनप्रतिनिधियों को भी दौरे की जानकारी मिलनी चाहिए, ताकि वे भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें और स्थानीय समस्याओं को सामने रख सकें। इस पर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने आश्वासन देते हुए कहा कि आगे से डीआरएम के दौरे की सूचना साझा की जाएगी। बैठक को महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने संबोधित किया। इस दौरान उप महाप्रबंधक (सामान्य) एवं जेडआरयूसीसी के सचिव समीरकांत माथुर ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी।

# गैस पाइपलाइन बिछाने में लापरवाही, बारिश के समय दोबारा खुदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ आरंग के तरपोंगी गांव का मामला

जिले के आरंग क्षेत्र में गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य करीब सालभर पहले किया गया। इसके लिए कई किसानों की जमीन भी अधिग्रहित की गई है, जिसका अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। एक ओर जहां किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया है, वहीं दूसरी ओर ठेकेदारों की लापरवाही के कारण पाइपलाइन ठीक से बिछाए नहीं जाने के कारण अब दोबारा खेतों की खुदाई की जा रही है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि बारिश के सीजन में खेत में गड्ढे किए जा रहे हैं, वहीं खुदाई के बाद मिट्टी को भी खेत में डंप कर दिया है, जिसके कारण न केवल उन्हें खेती करने में दिक्कत होगी, बल्कि डंप मिट्टी हटवाने का खर्च भी उन्हें ही वहन करना होगा। केंद्र सरकार ने घर-घर पाइपलाइन कनेक्शन के माध्यम से गैस पहुंचाने के लिए उज्वला योजना के तहत नई योजना तैयार की है।



**जानकारी लेकर देंगे निर्देश :** खेतों में दोबारा खुदाई की जानकारी नहीं है। इस मामले में किसानों और ठेकेदार से बातचीत कर आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।
- **आशुतोष देवांगन**, एसडीएम, आरंग

**केस:1**

तरपोंगी निवासी किसान बंशीदास मानिकपुरी ने बताया कि उनका खेत भी अधिग्रहित किया गया है। दोबारा खुदाई कर मिट्टी को खेत में ही डंप कर दिया है, जिससे खेती-किसानी में परेशानी होगी। जमीन अधिग्रहण का मुआवजा भी नहीं मिला है।

**केस:2**

तरपोंगी निवासी किसान नीरज वर्मा ने बताया कि पाइपलाइन उसके खेत में भी बिछाई गई है, जिसका मुआवजा नहीं मिला है। दोबारा खेत में खुदाई कर मिट्टी को वहीं डंप कर दिया है।

# लिकेश का आईआईएम अहमदाबाद में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के छुरा निवासी लिकेश सिन्हा ने कैट परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल कर आईआईएम अहमदाबाद में जगह बनाई। उनके इस उपलब्धि पर राजिम विधायक रोहित साहू ने अपने निज निवास में लिकेश को सपरिवार बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि लिकेश सिन्हा जैसी प्रतिभाएं हमारे क्षेत्र की नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के अनेक युवाओं को प्रबंधन संस्थान में प्रवेश की प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करेगी। हम सबके लिए गौरव की बात है कि हमारे क्षेत्र के बच्चे भी अब बड़ी प्रतिस्पर्धाओ में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रौशन कर रहे हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से दिशांक चंद्राकर, मानसिंह सिन्हा,अशोक ठाकुर, शीतल ध्रुव,शिक्षक रमेश साहू मौजूद थे। लिकेश ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता यशवंत सिन्हा, चन्द्रवती सिन्हा व गुरुजनों को दिया। विदित हो कि लिकेश अपनी शिक्षा कक्षा छठवीं से 12 वीं तक सैनिक स्कूल अंबिकापुर व स्नातक की शिक्षा एनआरटीआई बड़ोदरा से प्राप्त किया है। उन्होंने एनडीए की परीक्षा पांच बार उत्तीर्ण की है तथा एसएसबी में असफल होने उपरांत पुनः नया लक्ष्य तैयार कर कैट की परीक्षा 99 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण किया और आईआईएम अहमदाबाद में प्रवेश की पात्रता हासिल की। इसके अलावा लखनऊ, इंदौर, उदयपुर,दिल्ली व नागपुर के आईआईएम में भी प्रवेश की पात्रता प्राप्त की लेकिन अहमदाबाद आईआईएम देश में प्रथम व विश्व में 31 वें रैंक की संस्थान होने के कारण अहमदाबाद में प्रवेश लिया।



पेज 11 के शेष...

### बोलेरो की जोरदार...

जानकारी अनुसार उन्नति पेट्रोल पंप झारबाहल पर कोई वाहन नहीं था इसी बीच एक बोलेरे आई और पेट्रोल पंप के बाहर की ओर रुक गई फिर वह तेजी से अंदर की ओर आई और पंप पर चढ़ गई इसके चलते पंप उखड़कर नीचे जा गिरा बोलेरो के पंप पर चढ़ते ही वहां खड़ा कर्मचारी भागा हालांकि बोलेरो से एक अन्य युवक नीचे उतरा और ड्राइविंग सीट पर खुद बैठकर गाड़ी पीछे की इसके बाद अन्य लोग भी मौके पर जुट गए। हादसे के समय पेट्रोल पंप पर अन्य ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। यह पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गया है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया था पुलिस वाहन चालक से पूछताछ कर रही है।

### कौन्दकेरा की शासकीय...

कब्जा किया हुआ था। ग्राम पंचायत के द्वारा बार बार अतिक्रमण हटाने के लिए उनको नोटिस भी दिया जा चुका हैं इसके बावजूद उनके द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया था। आज कब्जा मुक्त कर सीमेंट खंभे के साथ तार घेरा लगाकर स्थल को सुरक्षित किया गया है।

### कलेक्टर ने जनसेवाओं...

स्त्रोतों से प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय में गंभीरता से निराकरण करने को कहा गया। इससे शासन और प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास मजबूत होता है।

राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाएं तथा सीमांकन से जुड़े सभी लंबित आवेदन 15 जून तक पूर्ण करें। अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित प्रकरणों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए पात्र आवेदकों को समय पर नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने कृषि विभाग को 29 मई से 12 जून तक आयोजित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान की तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान स्थानीय किसानों और जनप्रतिनिधियों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया।साफ-सफाई को लेकर उन्होंने निर्देशित किया कि नालियों, गली-मोहल्लों, तालाबों और अन्य स्थलों की नियमित सफाई कराई जाए। मानसून पूर्व तैयारियों के तहत बाढ़ और अतिवृष्टि की संभावनाओं को देखते हुए सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। नदी जलस्तर की निगरानी करते हुए यदि जल स्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचे, तो इसकी सूचना तत्काल राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम और निचले जिलों को दी जाए तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय तत्काल किए जाएं। बैठक में अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, नवीन भगत सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### कुल्हाड़ीघाट सड़क...

हो रहे हैं वहीं जाड़ापदर के आसपास भी इस मार्ग में कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं जबकि इस सड़क का करोड़ों रुपए की लागत से नया निर्माण किया गया हैं। इस मार्ग में आने -जाने वाले लोगों ने कई बार सड़क में गड्ढों का मरम्मत करने की मांग कर थक चूके हैं लेकिन इस गंभीर समस्या के समाधान के तरफ संबंधित पीडब्लूडी विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है जो समझ से परे है। इस मार्ग से नवमुड़ा, राजपूर, जाड़ापदर, जिड़ार, बुड़ार और कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र के लोगों का आना जाना होता है साथ ही इस मार्ग में कई स्कूल भी है जहां आने वाले दिनों में बच्चे पढ़ाई करने जायेगें क्षेत्र के वरिष्ट नागरिक सुभाष मरकाम, मानसिंह नेताम, ढोलूराम, धन्नुराम मरकाम, पीलेश्वर सोरी, पंचराम, डिगेश कुमार, देवलाल नेताम, चमरूराम, रूपसिंह, टीकम कपिल, धनेश कुमार, बालचंद दिवान, लाला राम ठाकुर, मनराखन, श्याम, विष्णु नेताम, गेंद लाल साहित क्षेत्र के लोगों ने सड़क में गड्ढों की मरम्मत की मांग ही है।




**खबर संक्षेप**



## सिर्रीखुर्द स्कूल में समर कैंप आयोजित

**छुइहा बेलर।** बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में आयोजित समर कैंप में विभिन्न नवाचारों का समावेश कर बच्चों को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले वस्तुएं एवं क्रियाकलापों को समझाया जा रहा है। जैसे कि बच्चों को रास्ता पूछना, सामानों की खरीददारी करना, दुकान सजावट, पुस्तक ,कपड़ा, गुब्बारा, फूल माला, बर्तन दुकान आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चे पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ इन दुकानों में लेनदेन किए। इसके अलावा शाला परिसर में विभिन्न चौक-चौराहे, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल ,गार्डन, नामांकित किया गया था जिसमें बच्चों को इन स्थानों पर अन्य लोगों से रास्ता पूछकर किस प्रकार से पहुंचना है विस्तार से बताया गया। समर कैंप में विशेष रूप से उपस्थित ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द के सरपंच देवेंद्र वर्मा ने कहा कि बच्चों को इस प्रकार की जानकारी देना निश्चित रूप से उनके समग्र विकास और मानसिक बौद्धिक शारीरिक विकास में कारगर साबित होगा। शिक्षक खोमन सिन्हा द्वारा निरंतर समर कैंप के आयोजन से बच्चों के प्रतिभाओं में निखार आ रहा है। प्रधानपाठक जगन्नाथ ध्रुव ,शिक्षक घनश्याम कंवर का भी बच्चों के शैक्षणिक स्तर को सुधारने में अहम भूमिका रहती है। जब भी यहां समर कैंप का आयोजन होता है बच्चों के साथ-साथ ग्रामीणजन भी उत्साह के साथ उपस्थित रहते हैं।

## खरोरा में मनाई गई शनि देव की जयंती

महासमुंद। इंदिरा नगर खरोरा के शनि देव मंदिर में भगवान शनि देव की जयंती मनाई गई। इस मौके शनि देव की विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। हितेंद्र महाराज ने बताया कि हिंदू धर्म में शनि जयंती पर्व का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन शनि देव की विधिवत पूजा करते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार शनि जंयती इस साल 27 मई को मनाई गई।

**विरोध : प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर सरकार को दिया अल्टीमेटम**

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में संघ के शिक्षक आज करेंगे मंत्रालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

प्रदेश में विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षकों का आक्रोश अब आंदोलन की राह पर है, राजधानी रायपुर स्थित मंत्रालय एवं संचालनालय में प्रदेश के 23 शैक्षिक संगठनों के प्रांताध्यक्षों और प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है।

संघ के माध्यम से यह चेतावनी दी गई है कि यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो 28 मई को मंत्रलय (महानदी भवन) का घेराव और धरना प्रदर्शन होगा। शिक्षक संगठनों ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने इस दौरान युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को रद्द नहीं किया और शिक्षक संगठनों से बैठक कर समाधान नहीं निकाला, तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन की शुरुआत होगी, इस दौरान कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए।सोना साहू प्रकरण की तर्ज पर सभी शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नति वेतनमान मिले, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली हो, प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रमोशन में बीएड की अनिवार्यता से छूट दी जाए, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए न कि सेटअप के आधार पर। शिक्षक नेताओं ने बताया कि 2008 में जो सेटअप बना था वह व्यावहारिक और व्यावसायिक दृष्टि से उपयुक्त है। उसके अनुसार प्राथमिक शालाओं में कम से कम तीन शिक्षक (60 बच्चों पर) तथा मिडिल स्कूलों में न्यूनतम पांच शिक्षक आवश्यक हैं। हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी विषयानुसार पद स्वीकृत किए जाने चाहिए। कामर्स के लिए 2 शिक्षक अनिवार्य है।

### युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लागू करना दुर्भाग्यपूर्ण

*वर्तमान युक्तियुक्तकरण में इन मानकों की अनदेखी की जा रही है। सभी 23 संगठनों के प्रांताध्यक्षों संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, केदार जैन, विकास राजपूत, कृष्णकुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी, जाकेश साहू, भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर, लैलूंन भरद्वाज, प्रदीप पांडे, प्रदीप लहरें, राजकिशोर तिवारी, कमलदास मुरचले, प्रीतम कोशले, विक्रम राय, विष्णु प्रसाद साहू, अनिल टोप्पो व धरमदास बंजारे ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि बिना किसी सहमति के शिक्षक संगठनों को विश्वास में लिए बगैर सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लागू करना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह अन्याय अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने और आंदोलन का अल्टीमेटम देने पहुंचे सैकड़ों शिक्षकों में शामिल सुधीर प्रधान, शैलेन्द्र पारीक, पूरन लाल साहू, नारायण चौधरी, ओमप्रकाश सोनकला, जितेंद्र मिश्रा,नंद कुमार साहू, विनोद यादव, विद्या प्रसाद चंद्राकर,धर्मेश शर्मा, कृष्णराज जांगडे, जितेंद्र शर्मा, सुधीर सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद थे।शिक्षकों ने साफ कहा है कि यदि सरकार ने आंदोलन को हल्के में लिया तो यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदेशव्यापी शिक्षक आंदोलन होगा जिसकी शुरुआत राजधानी रायपुर से होगी।*

# महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए बरगद वृक्ष की पूजा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



नगर की सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को वट सावित्री का निर्जला व्रत रखकर श्रद्धा और भक्ति से पूजा पाठ किया। शाम को फलाहार कर उपवास तोड़ा और यमदेव की पूजाकर पति की दीर्घायु की कामना की। विदित हो कि धार्मिक परंपरा का पालन करते हुए महिलाओं ने वटवृक्ष, सावित्री सत्यवान, महादेव पार्वतों आदि को स्वरूप मानकर पूजा की। मान्यता है कि सावित्री ने अपने पति सत्यवान की रक्षा यमराज से इसी दिन की थी। तब से वट सावित्री, सत्यवान की कथा सुनी जिस दिन विधाता ने सत्यवान की मृत्यु लिखी थी उसी दिन सावित्री ने वटवृक्ष के पास बैठकर विधिपूर्वक पूजा अर्चना की। मृत्यु के बाद सत्यवान सावित्री की गोद में लेट गए। यमराज प्रकट हुए और उनकी आत्मा को ले जाने लगे। सवित्री ने भी य मदेव का पीछा किया। सावित्री के तप को देखकर खमराज ने सत्यवान की आत्मा वापस कर दी। आत्मा शरीर में आ गई और वे जीवित है उठे।सावित्री की पूजा चली आ रही है। सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार करके पूजा अर्चना कर बरगद पेड़ में धागा लपेटकर विधिविधान से पूजा की। शहर की व्रती महिलाएं जानकी निषाद, नर्मदा सिन्हा, सुनीता निषाद,नीरू पटेल, भोजकुमारी सिन्हा, तारिणी सिन्हा, रूखमणि निषाद, लीलावती यादव, पूनम यादव, तारा पटेल,आदि ने बताया कि वट सावित्री व्रत महिलाओं के लिए खास पर्व है। महिलाओं ने पति की लंबी उम्र व परिवार की खुशहाली के लिए दिनभर निर्जला व्रत रखा। सामूहिक रूप से बरगद पेड़ की पेजा कर धागा लपेटा। महिलाओं ने बताया कि जिस तरह सावित्री ने अपने तप, प्रेम, दृढ़ संकल्प से अपने पति को यमराज से वापस पाया, इसी विश्वास से सभी महिलाओं ने व्रत रखा है। वट के वृक्ष में भगवान ब्रह्म, विष्णु महेश जी का वास माना जाता है।

# बदलते मौसम से सेहत पर असर सर्दी, बुखार व दस्त के मरीज बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



मौसम में हुए बदलाव से जनजीवन, फसल एवं लोगो के सेहत पर बुरा असर पड़ा है। नौतपा में बारिश हो रही है। एक दिन में तीनों ऋतु होती है। सुबह बारिश, दोपहर में उमस एवं गर्मी तथा शाम को आंधी तूफान के साथ रात में ठंडी का अहसास होता है। जिसका सीधा प्रभाव लोगों के सेहत पर पड़ा है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सर्दी, बुखार, पेट दर्द, पेशाब में जलन, दस्त के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। नगर के पैथोलॉजी सेंटर में मलेरिया, टाइफाइड एवं पेशाब के कल्चर टेस्ट वाले मरीजों की भरमार है। हालांकि मौसमी बीमारी का असर सभी उम्र के लोगों पर पड़ा है। खासकर बच्चों में तेज बुखार एवं पेट दर्द तथा दस्त की शिकायत ज्यादा है। बच्चों को बुखार का असर 10 से 15 दिनों तक हो रहा है। नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बलजीत सिंह एवं डॉ. के आर सिन्हा ने बताया कि सभी उम्र के लोगों में बुखार, सर्दी खांसी एवं पेट एवं पेशाब में जलन संबंधी रोग के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। डॉ सिन्हा ने लोगों को सलाह दी है कि ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं, गरम भोजन समय में ले, फलों को नमक पानी में धोकर सेवन करे। पेट दर्द एवं दस्त के मरीज आम के फल का सेवन कम करे। अनहाइजेनिक भोजन खाने से बचे। घर में बना खाना खाए। बीमार होने पर डॉक्टर को दिखाए। डॉक्टर के सलाह से ही दवाइयों का सेवन करे।

# सत्ता में आते ही भाजपा सरकार यादव समाज की उपेक्षा कर रही है : रमेश यदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु मैनपुर पहुंचे इस दौरान क्षेत्र के यादव समाज के लोगों द्वारा उनका फूलमाला के साथ जोरदार स्वागत किया गया इस दौरान लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में विभिन्न विषयों को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा सत्ता में आते ही भाजपा सरकार यादव समाज की उपेक्षा कर रही है श्री यादव ने कहा लगभग 35 लाख यादव समुदाय के लोगों की भावनाओं को भाजपा सरकार ने नजरअंदाज कर ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने यादव समाज को चुनावी फायदे के लिए मात्र उपयोग किया और सत्ता में आने के बाद समाज की उपेक्षा कर दी। रमेश यदु ने कहा कि प्रदेश की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदुत्व की विचारधारा से जुड़ी है और यादव समाज का प्रदेश में महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व है, फिर भी सरकार में यादवों को उचित स्थान नहीं मिला। आयोग, निगम, मण्डल और संगठन में यादवों की भूमिका नगण्य है। विधानसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन प्रभारियों के नेतृत्व में यादव समाज के वरिष्ठों के पास जाकर समर्थन मांगा गया, लेकिन सत्ता में आने के बाद समाज की कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया वनांचल क्षेत्र में रहने वाले पिछड़े वर्ग के लोगों को वन अधिकार पट्टा नही मिले है जबकि डेरी उद्योग में यादवों को भागीदारी से पूरी तरह वंचित रखा गया है यह सब समाज में असंतोष और आक्रोश को जन्म दे रहा है।




संकलनकर्ता : दीपक पोद्दार, हरिभूमि संवाददाता, फिंगेश्वर, विज्ञापन एवं समाचार के लिये संपर्क करें : मो. 9826377127

## खबर संक्षेप

### रुपनाथ बंजारे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बने



**छुरा।** भारतीय जनता पार्टी ने मंडलों में पदाधिकारी का नियुक्ति किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव जी एवं संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति और जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर एवं मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर के सहमति से छुरा मंडल कार्य कार्यसमिति घोषित की गई जिसमें रुपनाथ बंजारे को मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया है। रुपनाथ ने कहा की शीर्ष नेतृत्व ने मुझे इस पद के काबिल समझा एवं संगठन के रीति नीति को समझते हुए निरंतर अग्रसर रह कर संगठन के प्रति समर्पित रहने का स्नेह भाव रखा। और मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू एवं सभी कार्यसमिति दाधिकारियों,जनप्रतिनिधिगणों, सामाजिक कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया गया।

### लंबोदर साहू भाजपा मंडल गोहरापदर के महामंत्री बने



**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री, पवन साथ के अनुशंसा एवं जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के सहमति से भाजपा मंडल गोहरापदर के महामंत्री लंबोदर साहू को नियुक्त किया गया है। महामंत्री बनाए जाने पर प्रदेश संगठन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए लंबोदर साहू ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दिया गया है संगठन का जो आदेश होगा वही ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे और भारतीय जनता पाटएँ को ओर मजबूत करेंगे सरकार की हर योजना को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे।

### बाल व्यक्तित्व विकास शिविर 2 जून से

**महासमुंद।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को देखते हुए एवं उज्ज्वल भविष्य की संरचना के लिए बाल व्यक्तित्व विकास शिविर समर कैंप 2 से 8 जून 2025 तक स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा में आयोजित की जाएगी। शिविर का समय प्रातः 8 से 10 बजे तक रखा गया है। कक्षा 6वीं से 12वीं के विद्यार्थी इस समर कैंप का निशुल्क लाभ प्राप्त कर सकेंगे। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति ने बताया कि इस कैंप के मुख्य आकर्षण जैसे जीवन मूल्य शिक्षण, राजयोग ध्यान सत्र, गेम्स वेल्यू, विविध प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आकर्षक उपहार बच्चों को दी जाएगी।

## निधन

### रानू गाड़ा



**नवापारा-राजिम।** पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष दयालु गाड़ा के छोटे भाई की सुपुत्री रानू गाड़ा उम्र 22 वर्ष का रायपुर के संजीवनी अस्पताल में मंगलवार शाम निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में होगा।

---

**अभियान : स्वास्थ्य संस्थाओं में जाकर पीएमएसएमए दिवस पर अभियान का किया निरीक्षण**

# स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं की उच्च जोखिम जटिलताओं हुई जांच, किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

माता सुरक्षित तो बच्चा सुरक्षित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम है, जो प्रत्येक माह के 9 व 24 तारीख को चिन्हांकित स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले लक्षणों की पहचान कर विशेषज्ञ व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा सम्पूर्ण स्वास्थ्य प्रबंधन सुनिश्चित करना है। उच्च जोखिम की श्रेणी में आने वाली गर्भवती महिलाओं की समय रहते पहचान व समुचित स्वास्थ्य देखभाल व प्रबंधन से मातृ मृत्यु के अनुपात को कम किया जा सकता है।

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छत्तीसगढ़ तथा कलेक्टर बीएस उईके के दिशा-निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गॉर्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल, और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस 24 मई को आयोजित किया गया। जहां मितानिनों एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों द्वारा लाये गये चिन्हांकित सभी उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच परामर्श व उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों और स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा किया गया। गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम के अंतर्गत प्रमुख लक्षण उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सिकलसेल, एचआईवी, एवं टीबी जैसे गंभीर बीमारी से ग्रसित हो, 18 वर्ष से कम या 35 वर्ष से अधिक आयु हो, उंचाई 4 फीट 10 इंच से कम हो, पूर्व में गर्भपात अथवा मृत बच्चा पैदा हुआ हो, 4 या अधिक प्रसव हुआ हो, पूर्व गर्भवस्था के दौरान झटके आना, पूर्व प्रसव में 12 घंटे से अधिक समय लगा हो, पूर्व प्रसव ऑपरेशन से हुआ हो, गर्भ में बच्चा आड़ा, उल्टा, या जुड़वा बच्चे हो, खून की कमी या एनिमिया प्रमुख जोखिम के लक्षण है। जिसका गर्भावस्था के दौरान जांच, उचित परामर्श, निदान और उपचार से प्रसव के समय माता की सुरक्षित प्रसव होने से माता व बच्चा दोनों सुरक्षित रहेंगे।

### गर्भवती महिलाओं एवं मितानिनों से ली जानकारी



जिला चिकित्सालय गरियाबंद में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रुचि रूपरेला, और डॉ. बी. बारा द्वारा गर्भवती माताओं की जांच की गई। जिले के चिन्हांकित निजी सोनोग्राफी केन्द्रों में भी गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच की गई। राज्य स्तर से अधिकारियों और डेवलपमेंट पार्टनर के प्रतिनिधियों द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की निगरानी और निरीक्षण किया। जिसमें गरियाबंद जिले में डॉ. उरया नाग प्रतिनिधि, डॉ. रणवीर सिंह बघेल, राज्य सलाहकार (एनएचएम) द्वारा जिला अस्पताल गरियाबंद के ओपीडी, चिकित्सक कक्ष, सोनोग्राफी कक्ष, पैथोलॉजी लैब में निरीक्षण कर तथा गर्भवती महिलाओं एवं मितानिनों से चर्चा कर इस अभियान के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही जिला स्तर पर गठित टीम द्वारा भी स्वास्थ्य संस्थाओं में जाकर पीएमएसएमए दिवस पर अभियान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला चिकित्सालय गरियाबंद में सीएमएचओ डॉ. गॉर्गी यदु पाल, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. टीसी पात्रे, डॉ. हरीश चौहान, डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े, आरएमएनसी एचए सलाहकार डॉ. योगेन्द्र सिंह, अस्पताल सलाहकार डॉ. शंकर पटेल, पर्यवेक्षक केके कृषाणु, विकासखंड मितानिन कार्यक्रम समन्वयक भागवत ध्रुव सहित अस्पताल के स्टॉफ और मितानिनों उपस्थित थे।

---

## ध्रुव गोड़ समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक जनक से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज द्वारा वार्षिक महासभा का आयोजन 29 मई को मेला ग्राउंड राजिम में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में शामिल होने निमंत्रण देने आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के प्रतिनिधि मंडल विधायक जनक ध्रुव से मुलाकात कर उन्हे निमंत्रण पत्र सौंपा। इस दौरान कोसिंग नेताम, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, जिला मिडिया प्रभारी रामकृष्ण, नोकेलाल ध्रुव, नैनसिंह नेताम, रामेश्वर ध्रुव, मुन्ना ध्रुव एवं समाज के लोग उपस्थित थे।



### खाद-बीज लेने उमड़े किसान वितरण केंद्रों पर भारी भीड़

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। अभी से खाद बीज के लिए किसानों की भीड़ सहकारी सोसायटियों में लग रही है। मैनपुर सहकारी सोसायटी में अभी सभी खाद उपलब्ध है और किसान इन दिनों खाद बीज ले जाने में व्यस्त हैं। साथ ही खरीफ फसल को लेकर किसानों के द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दिया है। क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश के बाद किसान खेतों की साफ सफाई के साथ ही खेतों में हल चलाने का कार्य कर रहे हैं।

---

## जिले के 6 स्काउट गाइड व प्रभारी राज्यपाल डेका के हाथों सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राज्य मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन में राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महामहिम राज्यपाल रमेन डेका तथा विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश स्काउट गाइड संघ के राज्य कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव शिक्षा सचिव सिध्दार्थ कोमल परदेशी राज्यपाल के सचिव डॉक्टर सीआर प्रसन्ना राज्य सचिव कैलाश सोनी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिसमें जिला गरियाबंद के 06 स्काउट गाइड एवं प्रभारी सम्मिलित हुए। जिला संघ गरियाबंद के जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत एवं जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन तथा डीओसी स्काउट आशीष साहू तथा डीओसी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में सत्र 2023–24 से 94 एवं सत्र 2024–25 में 77 स्काउट गाइड, रोवर रेंजर राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा में उत्तीर्ण हुवे थे जिसमें राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार राजभवन के दरबार हाल में जिला गरियाबंद से पूरे प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ स्काउट लोमेश कुमार निषाद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल फुलकर्रा तथा सर्वश्रेष्ठ गाइड दीक्षा पटेल शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पांडुका ने राज्यपाल के करकमलो प्रमाण पत्र प्राप्त किया दोनों सत्र 2023–24 तथा 2024–25 से प्रतिनिधि के रूप में 1 स्काउट लोकेश कुमार,1 गाइड हेमलता निषाद, 1 रोवर घसुराम, 1 रेंजर खुशबू साहू, ने भी राज्यपाल रमेन डेका के करकमलों से प्रमाण पत्र प्राप्त कर सम्मानित हुए।

### रोमन लाल प्रमाण पत्र एवं मैडल से सम्मानित



सत्र 2023 24 में हायर सेकेंडरी स्कूल फुलकर्रा इंदागांव, अकलवारा, कौदकेरा, पांडुका खुटेरी,परसदाकला, कन्या राजिम, मुरमुरा, ठाकुर दलगंजन फिंगेश्वर, परसदाजोशी, गोहरापदार, हाई स्कूल रावड सरस्वती शिशु मंदिर राजिम से स्काउट गाइड रोवर रेंजर तथा सत्र 2024-25 शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कौदकेरा, फुलकर्रा इंदागांव, परसदाकला, खुटेरी, पांडुका, कन्या राजिम, मुरमुरा ठाकुर दलगंजन फिंगेश्वर अकलवारा, अतरमरा, हाईस्कूल रावड तथा सरस्वती शिशु मंदिर राजिम से स्काउट गाइड रोवर रेंजर राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण हुए हैं। उन्हे प्रमाण पत्र राज्य से प्राप्त होने पर जिला से प्राप्त होंगे। इसी समारोह में जिला गरियाबंद के जिला सचिव रोमन लाल साहू स्काउट आंदोलन में दीर्घकालीन सेवा प्रदान करने के लिए राज्यपाल द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल से सम्मानित हुए। इस उपलब्धि पर विधायक राजिम रोहित साहू जिला संघ के अध्यक्ष संतोष उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत जिला मुख्य आयुक्त गाइड रेखा शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त बैसाखूराम साहू पूर्व जिला मुख्य आयुक्त डॉ. रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष गण रिखीराम यादव, मिलेश्वरी साहू, प्रीतम सिन्हा, पुष्पा जगन्नाथ साहू, आशीष शिंदे, कार्यकारिणी सदस्य संजीव चंद्राकर, जिला संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने राज्यपाल पुरस्कार में उत्तीर्ण सभी स्काउट गाइड को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। उक्त जानकारी टेक्निकल प्रभारी चैतन्य कुमार यदु एवं मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी है।

---

## समर कैंप में बच्चों ने सीखा तकनीक व साइबर सुरक्षा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सोमवारी बाजार स्कूल में ग्रीष्मकालीन समर कैंप के दसवें दिन अंतिम दिवस की शुरूआत प्राकृतिक रमणीय एवं पुरातात्विक धरोहर स्थल के भ्रमण से हुई। बच्चों को धमतरी जिला स्थित लोमश ऋषि आश्रम में ले जाया गया। वहां के बगीचे एवं मंदिर, नदी के किनारे आसपास का भ्रमण कराया गया। इसके पश्चात गरियाबंद जिले के राजिम में स्थित ऐतिहासिक पुरातात्विक स्थल सीताबाड़ी भ्रमण का कराया गया। वहां स्थित विशाल श्रीराम की मूर्ति का भी बच्चों को दर्शन कराया गया। तृतीय कालखंड में कंप्यूटर शिक्षक किशन ठाकुर अतिथि द्वारा कम्प्यूटर की कक्षा ली गई। कक्षा में बताए जाने वाले विषय थे, साइबर क्राइम से बचने की सामान्य जानकारी दी। व्हाट्सएप, गूगल मेंल, मोबाइल मैसेज आदि में किस प्रकार लालच देकर साइबर क्राइम करने वाले लोगों को कैसे झांसे में लेकर उनके जमा-पूंजी लूट ले जाते हैं। उसके बारे में बच्चों को समझाया गया और उनसे बचने के रास्ते भी बताए गए। इसके पश्चात दसवें दिवस के चतुर्थ कालखंड में स्पोकन इंग्लिश की कक्षा में शिक्षिका चाहत गोविंदानी अतिथि द्वारा बच्चों को बताया गया और बच्चों से आपस में बातचीत करवाकर पूरा अभ्यास कराया गया। दसवें दिवस समर कैंप में कुल 28 बच्चे उपस्थित रहे। आगंतुक अतिथि की संख्या कुल 3 रही। आज समर कैंप के भ्रमण सत्र में स्वल्पाहार में बच्चों को अंकुरित चना और गुड़ वितरित किया गया। दसवें दिवस समर कैंप कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर समर कैंप का समापन किया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक युगेंद्र खेलारे, शिक्षक पुष्पेंद्र साहू, अरुणा नारंग, कविता चक्रधारी की भागीदारी रही।

---

## फिंगेश्वर विद्यालय में जल संकट समाधान की पहल, बोर खनन शुरू



**फिंगेश्वर।** नगर के शासकीय ठाकुर दलगंजन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में 26 मई को नगर पंचायत फिंगेश्वर के पार्षद चंचल कमलेश यदु के द्वारा बढ़ते तापमान और पानी की कमी को देखते हुए आज नगर के विद्यालय में अपने पार्षद निधि के फंड से बोर खनन कराया गया। बोर खनन से पहले धरती माता व गंगा मैया के पुष्प, गुलाल नारियल अगरबत्ती जलाकर पूजा किया गया। इसके साथ में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूनम यादव, कमलेश यदु, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद अनिल चन्द्राकर, पार्षद डॉ. हरीश हरित, कमलेश कश्यप, हरिशंकर श्रीवास्तव, डायमंड साहू, कामता साहू व विद्यालय के स्टॉफ शामिल रहे।

---

## श्री कृष्ण ने कुरूक्षेत्र के मैदान में अर्जुन को दिया गीता का उपदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



श्री नीलकंठ मारुति मंदिर में गीता पर प्रवचन करते हुए आचार्य डॉ. रमाकांत शर्मा ने बताया कि कुरुक्षेत्र के मैदान में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। गीता में अर्जुन से भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि अर्जुन अब यह बहाने बाजी नहीं चलने वाली है। यह तुम्हारी कायरता होगी। अर्जुन ने स्वीकार किया कहा कि हे प्रभु आपके उपदेश से मेरा मोह भंग हो गया। श्रीकृष्ण ने तब कहा कि तुम्हारे मोह के कारण ही गीता का उपदेश देना पड़ा। अगर हमारा जीवन मोह से ग्रसित है, तो हमें भी गीता के ज्ञान की आवश्यकता है। इसी गीता के ज्ञान द्वारा अपने मोह को मिटाएंगे। मोह मिटा के अपने जीवन को सफल और सार्थक बनाएंगे। गीता का ज्ञान बताने के बाद हवन संपन्न हुआ जिसमें विजय-रश्मि शर्मा, रमेश साहनी, महेश साहनी ,राजेंद्र शर्मा ,प्रीतम छाबड़ा, जयकुमार गुप्ता ,बसंती शर्मा, श्यामकिशोर गुप्ता, अखिलेश गुप्ता ,शिवम शिवांक गुप्ता, हेमलता शर्मा ,मनीष शर्मा, संजय सेन, मोती सेन ,सोहन मिश्रा ,रेनू पटेल, संतोष साहू, झंकार शर्मा, सौरभ मिश्रा, कन्हैया तिवारी ,योगेश शर्मा, नीति शर्मा, श्रुति शर्मा, दीपक श्रीवास, एवन साहू, अर्जुन मानिकपुरी, ब्रह्मदत्त शास्त्री शामिल हुए। आयोजन समिति के जयकुमार गुप्ता ने विनोद शर्मा, रश्मि शर्मा ,विजय शर्मा ,प्रहलाद अग्रवाल,पन्ना लाल साहू के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया। आचार्य रमाकांत शर्मा ने कहा कि यह आयोजन लोगों को धर्म के राह पर चलने के लिए प्रेरित करेगा। आपने तन-मन-धन से आयोजन को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

---

**श्री सत्यनारायण महाप्रभु के 76वें स्थापना दिवस में हुई खेल प्रतियोगिता**

# नारी शक्ति परिवार, समाज व राष्ट्र के लिए लिखती हैं नया इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री सत्यनारायण महाप्रभु के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर कंसारी महिला संगठन कसेर समाज द्वारा भव्य रूप में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू के प्रतिनिधि संजय साहू, सामाजिक प्रतिनिधि मुन्ना साव पूर्व अध्यक्ष, दशरथ गुरुजी, नंदलाल, फगुवा साव, रामा साव, श्याम कंसारी, राजकुमार आर के, बंशी साव, देवा साव, उदेराम, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार, समाज संगठन अध्यक्ष सहदेव कंसारी, उपाध्यक्ष कलिदान, शिक्षा विकास समिति से गोपाल कंसारी, तरुण कंसारी, सचिव गोविंदा कंसारी, गोविंदो, रमेश मोंटी, देवेंद्र, मिथलेश, नागेंद्र, गणेश, राजू, संतोष, मोहन, तुकाराम कंसारी मीडिया, पूजा कंसारी सभापति, सहसचिव पुष्पा कंसारी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद संजय साहू ने कहा कि कंसारी समाज में महिलाओं की इतनी बड़ी संख्या में संगठित होना समाज के लिए गर्व का विषय हैं। जिस समाज में महिला हंसती मुस्कुराती हैं। उस समाज की तरक्की को कोई रोक नहीं सकता। समाज की महिलाओं का जागरूक सक्रिय और इतने बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक करना यही साबित करता हैं कि समाज में नारियों को सम्मान और स्वतंत्रता का अधिकार देकर आगे बढ़ने का अवसर दिया गया हैं। कंसारी समाज सभी समाज के लिए एक मिशाल हैं। राजकुमार कंसारी ने कहा कि महिला संगठन के सभी मातृशक्तियों के प्रयास, लगन और एकता से समाज के सभी महिलाएं एक जगह एकत्रित होकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर पा रही हैं। इन्होंने साबित किया हैं महिलाएं सिर्फ घर की चार दीवारी में कैद नहीं हैं। वे पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। समाज के अध्यक्ष सहदेव कंसारी ने कहा कि नारी शक्ति जब जागती हैं तब परिवार समाज और राष्ट्र के लिए एक नया इतिहास लिखती हैं। निश्चित ही कंसारी समाज की नारी शक्ति जागृत हुई है और अपने सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

### कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में सावित्री प्रथम



इस अवसर पर महिलाओं के मनोरंजन के लिए कुर्सी दौड़ ,रस्सी खींच एवं महिला श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल के प्रति उनका उत्साह देखते ही बन रही थी। सभी के चेहरे पर एक मीठी मुस्कान थी, ऐसे लग रहा था जैसे बचपन फिर से लौट आई हो। हंसते-दौड़ते, झूमते और खिल खिलाते हुए नारी शक्तियों ने सभी प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कुर्सी दौड़ में प्रथम सावित्री कंसारी, द्वितीय भुनेश्वरी कंसारी एवं तृतीय स्थान पर मंदाकिनी कंसारी रही। रस्सी खींच में आरती कंसारी, अनीता कंसारी एवं अमृता कंसारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला श्रृंगार में प्रथम मंदाकिनी कंसारी, द्वितीय हीना एवं नेहा कंसारी, तृतीय संध्या एवं कला कंसारी ने प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को अतिथि गणों एवं महिला संगठन के द्वारा प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं के रस्सी खींच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सहदेव कंसारी ने सात सौ एक रुपए एवं समिति को कलिदान कंसारी ने 500 एक रुपए प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। संचालन और आभार महिला संगठन अध्यक्ष सरोज कंसारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी, समाज संगठन, कंसारी युवा संगठन, शिक्षा विकास समिति, भजन मंडली, महिला संगठन सभी का संयुक्त रूप से महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर अधिक संख्या में सामाजिक बंधु भगिनी उपस्थित रहें।

